# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
# बैकुण्ठपुर कोरिया (छ0ग0)

[ NAAC Accredited – " B" Grade ] महाविद्यालय कोड संख्या :– 3702

Web Site = www.govtngcbkp.com Email Address = navingirls.bkp@gmail.com Phone No. = 9425256687

## सत्र 2022–23 के आई.क्यू.ए.सी. की बैठकों की कार्यवाही विवरण प्रतिवेदन

सत्र 2022–23 में आई.क्यू.ए.सी. की कुल तीन मुख्य बैठकें संपन्न हुई. ये बैठके कमशः 23.09.2022, 30.11.2022, 31.01.2023 को संपन्न हुई, बैठकों में चर्चा किए गए सभी बिंदुओं पर कार्यवाही विवरण अग्रलिखित हैं,

1. नियमित रूप से ऑफलाईन मोड कक्षाओं के माध्यम से समस्त कक्षाओं के समस्म विषयों का समयानुसार पाठ्यक्रम पूरा किया गया एवं आवश्यकतानुसार ऑनलाईन कक्षाओं का भी आयोजन किया गया।
2. समस्त नव–प्रवेशित छात्राओं का प्रवेश उपरांत अभिमुखीकरण कार्यक्रम के माध्यम से परिचय सम्मेलन संपन्न हुआ एवं समस्त छात्राओं को महाविद्यालय एवं उच्च शिक्षा से संबंधित समस्त आचार संहिता की जानकारी प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा प्रदान की गई।
3. आई.सी.टी. को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक डिजिटल बोर्ड क्रय किया गया तथा इसकी विधिवत प्रशिक्षण के साथ–साथ इसके माध्यम से कक्षाएं एवं सेमिनार इत्यादि आयोजित किए गए, तथा पूर्व शिक्षण सत्र में डी.एम.एफ के माध्यम से क्रय की गई इन्ट्रैक्टिव फ्लेट पैनल के माध्यम से भी संपूर्ण वर्ष भर कक्षाएं एवं सेमिनार इत्यादि आयोजित किए गए।
4. राज्य शासन एवं विश्वविद्यालय से प्राप्त एकेडमिक कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय का एकेडमिक कैलेंडर 2022–23 तैयार किया गया एवं वर्षभर उसे पूर्णतः पालन किया गया।
5. स्लो–लर्नर एवं एडवांस लर्नर के लिए पृथक समय–सारणी बनाई गई एवं उसका संपूर्ण पालन किया गया।
6. महाविद्यालय के सर्वांगिण विकास के लिए नियमानुसार समस्त समितियों, प्रकोष्ठ इत्यादि का गठन किया गया एवं उनके माध्यम से नियमानुसार वर्षभर विभिन्न अकादमिक, बौद्विक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
7. समस्त कक्षाओं हेतु पूर्व–निर्धारित समय सारणी के अनुसार आंतरिक मासिक मूल्यांकन हेतु कक्षाओं में परीक्षाएं आयोजित की गई तथा उनका आंतरिक मूल्यांकन अंक प्रदान करने के साथ–साथ आवश्यक अकादमिक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए।
8. मेंटी–मेंटोर कार्ययोजना क अंतर्गत आनुपातिक रूप से समस्त शिक्षकों द्वारा छात्राओं की समस्याओं का समाधान किया गया तथा मानसिक रूप से उन्हें मजबूत बनाने का कार्य किया गया।
9. महाविद्यालय की समस्त छात्राओं के लिए गत शिक्षण सत्र 2021–22 में एकरूपता के उद्देश्य से जो ड्रेसकोड लागु किया गया था, उसे शिक्षण सत्र 2022–23 में भी छात्राओं की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए परिपालन किया गया।
10. शासन द्वारा देय छात्रवृत्ति से अधिकाधिक पात्र छात्राओं को लाभान्वित करना सुनिश्चित किया गया।
11. महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालयीन स्तर पर कुल चार वैल्यु एडेट कोर्स चलाए गए और पाठ्यक्रम समाप्ति के उपरांत परीक्षा आयोजित की गई एवं उत्तीर्ण छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।
12. पूर्व में स्थापित महाविद्यालयीन प्रयोगशाला में महाविद्यालयीन छात्राओं द्वारा बेस्ट ऑफ द बेस्ट थीम के अंतर्गत विभिन्न क्रियाकलाप संपन्न किए गए।
13. महाविद्यालयीन स्किल डेव्हलपमेंट सेंटर(कौशल विकास केंद्र)के अंतर्गत विद्यार्थियों के स्वयं निर्मित कला–कृतियो के निर्माण प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षक की व्यवस्था की गई तथा इन कला–कृतियों के विक्रय कर स्वरोजगार हेतु छात्राओं को मंच प्रदान किया गया।
14. शिक्षण सत्र 2022–23 की मुख्य परीक्षा का विश्वविद्यालय एवं राज्यशासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार ऑफलाईन मोड पर सफलतापूर्वक आयोजन तीन पालियों में संपन्न हुआ।
15. महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा अपने शोध–पत्रों के प्रकाशन करवाने पर उससे संबंधित फीस/शुल्क का 50 प्रतिशत राशि महाविद्यालय द्वारा वहन किया गया।
16. सत्र के दौरान महाविद्यालय के पुस्तकालय में समस्त कक्षाओं के पाठ्यक्रम टेक्स्ट बुक एवं आवश्यकतानुसार रिफरेंस बुक क्रय कर शामिल किए गए, जिससे महाविद्यालयीन छात्राओं के अध्ययन सुचारू रूप से संपन्न हो पाया।
17. महाविद्यालय की साफ–सफाई एवं हरियाली को दृष्टिगत रखते हुए एक नई समिति गठित की गई जिसने निर्देशानुसार समय–समय पर महाविद्यालयीन साफ–सफाई का निरीक्षण किया एवं यथानुसार कमियों को दूर किया।
18. कोविड–19 महामारी के दौरान अस्थाई रूप से बंद कैंटीन को पुनः शुरूवात किया गया एवं सत्रभर उसका उचित संचालन भी संपन्न हुआ।
19. रेडक्रॉस के अंतर्गत महाविद्यालय में एक रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें प्राचार्य सहित अन्य छात्राओं ने रक्तदान किया।

20. 'स्वीप' कार्यक्रम के अंतर्गत वृहद शिविर आयोजन सहित अनेकानेक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुए।
21. अर्धवार्षिक एवं प्री–फाईनल परीक्षाओं का आयोजन समस्त कक्षाओं के लिए सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।
22. N.S.S. का सात–दिवसीय विशेष शिविर ग्राम खोडरी में दिनांक 02 जनवरी से 08 जनवरी तक सफलता पूर्वक आयोजित किया गया।
23. शिक्षण सत्र 2022–23 के दौरान महाविद्यालय के आधारभूत अधोसंरचना में भी निम्नवत् विकास किया गया –
    (i) वर्षा जल के सुचारू निकासी हेतु महाविद्यालय के छत से नीचे जमीनी स्तर तक पाईपींग व्यवस्था में वृद्धि की गई।
    (ii)महाविद्यालयीन कक्षाओं के कुर्सी तथा डेस्क जो क्षतीग्रस्त थी उनका मरम्मत करके पुनः उपयोग हेतु तैयार किया गया।
    (iii)महाविद्यालयीन प्रमुख सांस्कृतिक एवं बौद्दिक कार्यक्रमों के मंच में शेड की व्यवस्था पूर्ण की गई एवं पर्याप्त रौशनी हेतु हैलोजन लाइट लगाए गए।
    (iv)महाविद्यालयीन पौधों में जल–सिंचाई हेतु नई ड्रीप एरीगेशन व्यवस्था अपनाई गई।
    (v)महाविद्यालयीन प्रमुख सांस्कृतिक एवं बौद्दिक कार्यकमों के मंच की लंबाई एवं चौड़ाई को स्थाई रूप से बढ़ाया गया, जिससे आगे होने वाले सांस्कृतिक/बौद्दिक कार्यक्रम और सुचारू ढंग से संचालित हो सके।
    (vi)महाविद्यालय में एक वर्मी कंपोस्ड पीट की व्यवस्था पूर्ण की गई।
    (vii)सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए अतिरिक्त पर्दे एवं पोशाक क्रय किए गए।

24. महाविद्यालयीन आई.टी. अधोसंरचना में विकास हेतु सत्र 2022–23 के दौरान निम्न कार्य किए गए–
    (i)दो कंप्यूटर सेट(प्रिंटर सहित) क्रय किया गया।
    (ii)एक डिजिटल व्हाइट बोर्ड शिक्षण कार्य हेतु क्रय किया गया।
25. महाविद्यालय म जिमनेजियम संबंधित सुविधाओं में विस्तार करने के लिए ट्रेड–मिल क्रय किया गया।
26. महाविद्यालय में एनर्जी ऑडिट एवं ग्रीन ऑडिट का कार्य संपन्न हुआ।
27. महाविद्यालय में वृहद–स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुए।
28. सत्र 2022–23 के दौरान महाविद्यालय में गठित कैरियर डेव्हलपमेंट एंड प्लेसमेंट सेल के द्वारा एक रोजगार मेला आयोजित किया गया, जिसके माध्यम से वर्तमान एवं भूतपूर्व छात्रों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए।
29. सत्र में इंटेलेक्च्युअल प्रोपर्टी विषय पर कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ एवं कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम आयोजित हुए।
30. सत्र के दौरान श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय अंबिकापुर छ.ग. (नैक B++ मूल्यांकित) के साथ एम. ओ.यु. पूर्ण किया गया व साझा कार्यक्रम आयोजित हुआ।
31. शिक्षण सत्र 2021–22 से संबंधित ए.क्यु. ए. आर. सफलता पूर्वक 31 दिसंबर 2022 को नैक पोर्टल में अपलोड कर दिया गया।

डॉ0 सुमित कुमार डे
समन्वयक आई.क्यू.ए.सी.
CO-ORDINATOR
I.Q.A.C.
Govt. Naveen Girls College
Baikunthpur, Korea (C.G.)

डॉ0 रंजना नीलिमा कच्छप
प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. Naveen Girls College
Baikunthpur, Korea C.G

1. श्रीमती कनकलता पैकरा
2. श्री बिक्की राम
3. श्रीमती अल्का दुबे
4. श्री के.जेड.उस्मानी
5. श्री विनय मोहन भट्ट
6. श्रीमती आशा महेश साहू
7. श्रीमती कैलाशो देवी
8. कु0 सुदर्शना नाहक
9. कु0 वैष्णवी अग्रहरी
10. कु0 शिखा जैन
11. कु0 ऋचा श्रीवास्तव
12. कु0 कौशर बानो
13. श्री गिरीश चन्द्र राजपूत

Govt. Naveen Girl's College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
# बैकुण्ठपुर कोरिया (छ0ग0)

[ NAAC Accredited – " B" Grade ]

महाविद्यालय कोड संख्या – 3702

Web Site = www.govtngcbkp.com Email Address = navingirls.bkp@gmail.com Phone No. = 9425256687


## सत्र 2022–23 के आई.क्यू.ए.सी. की वार्षिक कार्ययोजना

सत्र 2022–23 में आई.क्यू.ए.सी. के वार्षिक कार्ययोजना में निम्नलिखित बिंदुओं को शामिल किया जा रहा है। आई.क्यू.ए.सी. की बैठकों के माध्यम से एवं समयानुसार प्रगति मूल्यांकन करते हुए उक्त कार्ययोजनाओं को पूरा किया जायेगा।

1. राज्य शासन एवं विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार ऑफलाइन मोड पर समस्त कक्षाओं का नियमित संचालन किया जाएगा एवं आई.क्यू.ए.सी. की निगरानी में समयानुसार पाठ्यक्रम पूरा किया जाएगा। समय एवं आवश्यकतानुसार ऑनलाईन कक्षाएं भी संचालित की जाएगी।
2. समस्त नव–प्रवेशित छात्राओं के लिए अभिमुखी कार्यक्रम के माध्यम से परिचय सम्मेलन आयोजित कर महाविद्यालयीन आचार संहिता की जानकारी प्रदान की जाएगी।
3. आई.सी.टी. को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वर्ष में कम से कम एक डिजिटल बोर्ड क्रय किया जाएगा, जिसके उपयोग से सेमिनार वर्कशाप इत्यादि आयोजित किए जाएगें।
4. राज्य शासन एवं विश्वविद्यालय से प्राप्त एकेडमिक कैलेंडर 2022–23 को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय का भी एक एकैडमिक कैलेंडर तैयार किया जाएगा तथा सत्र वार उस कैलेंडर को पूर्ण रूप से पालन किया जाएगा।
5. स्लो लर्नर एवं एडवांस लर्नर के लिए पृथक से समय–सारणी बनाकर वर्षभर उसका पूर्ण पालन किया जाएगा।
6. महाविद्यालय के सर्वांगिण विकास के लिए नियमानुसार समस्त समितियां, प्रकोष्ठ इत्यादि का गठन किया जाएगा एवं उनके माध्यम से नियमानुसार वर्ष भर विभिन्न अकादमिक एवं बौद्विक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।
7. समस्त कक्षाओं हेतु समय–सारणी के माध्यम से आंतरिक मासिक मूल्यांकन परीक्षाएं आयोजित की जाएगी एवं आंतरिक मूल्य प्रदान कर आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान कीये जाएगें।
8. महाविद्यालय की समस्त छात्राओं में एक रूपता के उद्देश्य से सत्र 2021–22 में जो ड्रेस कोड लागु किया गया था, उसे इस शिक्षण सत्र में भी छात्राओं की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए परिपालन सुनिश्चित किया जाएगा।
9. शासन द्वारा देय छात्रवृत्ति से अधिकाधिक पात्र छात्राओं को लाभान्वित करना सुनिश्चित किया जाएगा।
10. सत्र में दो नए वैल्यु एडेड कोर्स की शुरूवात की जाएगी, इस तरह सत्र में कुल चार वैल्यु एडेड कोर्स संचालित किए जाएगें।
11. नैक के द्वितीय चरण के मूल्यांकन हेतु तैयारियों को ध्यान में रखते हुए एक संचालन समिति का गठन किया जाएगा।
12. महाविद्यालय में एक शोध–विकास समिति का गठन किया जाएगा, जो शोध कार्यों को बढ़ावा देने हेतु कार्य करेगा।
13. महाविद्यालय की पुस्तकालय में समस्त कक्षाओं से संबंधित आवश्यक टेक्स्ट बुक, रिफरेंस बुक इत्यादि का क्रय आवश्यक मात्रा में गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा।

14. महाविद्यालय की साफ–सफाई एवं हरियाली को ध्यान में रखते हुए एक नई समिति का गठन किया जाएगा जो निर्देशानुसार समय–समय पर महाविद्यालयीन साफ–सफाई का निरीक्षण करेगा एवं यथानुसार आवश्यक कार्यवाही करेगा।
15. कोविड–19 महामारी के दौरान अस्थाई रूप से बंद कैंटिन को पुनः संचालन शुरू किया जाएगा।
16. रेडक्रॉस समिति के माध्यम से वर्ष में कम से कम एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।
17. 'स्वीप' कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूचि में पात्र छात्राओं के नाम जुड़वाने बावत् एक वृहद शिविर का आयोजन किया जाएगा एवं समय–समय पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
18. अर्धवार्षिक एवं प्री–फाईनल परीक्षाओं का आयोजन समस्त कक्षाओं हेतु किया जाएगा।
19. एन.एस.एस का विशेष सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा एवं समय–समय पर एन.एस. एस. इकाई द्वारा जन सेवा समाज सेवा हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें।
20. महाविद्यालय के आधारभूत अधोसंरचना में विकास करने हेतु निम्न कार्यों को करने का प्रयास किया जाएगा।
    1. वर्षा जल के सुचारू निष्कासन हेतु पाइपिंग व्यवस्था में वृद्वि की जाएगी।
    2. महाविद्यालयीन प्रमुख सांस्कृतिक एवं बौद्विक कार्यक्रमों के मंच में शेड की स्थाई व्यवस्था की जाएगी एवं रौशनी हेतु हैलोजन लाईट लगाए जाएगें तथा मंच की लंबाई–चौड़ाई बढ़ाई जाएगी।
    3. महाविद्यालय में गमलों में लगे पौधों की सिंचाई हेतु ड्रीप एरीगेशन व्यवस्था को अपनाया जाएगा।
    4. महाविद्यालय में वर्मी कंपोस्ट पीट की निर्माण किया जाएगा।
    5. सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए अतिरिक्त पर्दे एवं पोशाक क्रय किए जाएंगे।
21. महाविद्यालयीन आई.टी. अधोसंरचना के विकास हेतु सत्र में कम से कम दो नए कंप्यूटर सेट प्रींटर सहित क्रय किया जाएगा।
22. महाविद्यालय में जिमनेजियम सुविधाओं में विस्तार करने के लिए कम से कम एक ट्रेड मिल क्रय किया जाएगा।
23. महाविद्यालय में एनर्जी ऑडिट और ग्रीन ऑडिट का कार्य किया जाएगा।
24. सत्र के दौरान कैरियर डेव्हलपमेंट एंड प्लेसमेंट सेल के माध्यम से वर्तमान एवं भूतपूर्व विद्यार्थियों के लिए एक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।
25. सत्र के दौरान विभिन्न आवश्यक विषयों पर वर्कशॉप(कार्यशाला) सेमिनार एवं कैरियर गाईडेंस कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें।
26. किसी दूसरी नैक मूल्यांकित शैक्षणिक संस्था के साथ एम.ओ.यु. किया जाएगा।
27. शिक्षण सत्र 2021–22 से संबंधित ए.क्यू.ए.आर. निर्धारित तिथि से पूर्व ही नैक पोर्टल में अपलोड कर दिया जाएगा।

समन्वयक आई.क्यू.ए.सी.
**CO-ORDINATOR**
**I.Q.A.C.**
**Govt. Naveen Girls Collage**
**Baikunthpur,Korea (C.G.)**

13/7/2022
प्राचार्य
**PRINCIPAL**
**Govt. Naveen Girls College**
**Baikunthpur, Korea C.G**